www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार,3 मार्च 2026

सुविचार



रंग में वह जादू है जो रंगने वाले, भीगने वाले और देखने वाले तीनों के मन को विभोर कर देता है।

— मुक्ता

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- साइबर जालसाजों ने तीन से ठगे लाखों रुपये, रिपोर्ट II
- जीवन को सुधारने की कोशिश से जरूरी योग्य बनना: सद्गुरु III
- युवराज सिंह ने इकाना स्टेडियम में जगाई उम्मीदें IV



**रमजान का 13वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी: 5:07 | सुन्नी: 6:11 |
| शिया: 4:57 | शिया: 6:20 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।









शहर के लोगों ने होली की उमंग में रंग उड़ाना शुरू कर दिया है, होलिका दहन से पहले ही सोमवार को बच्चों, युवाओं से लेकर अधेड़ उम्र तक के लोग रंगों से सराबोर दिखे। इस दौरान भंगड़ा वाले की ढोल रखी मिल गई तो बच्चे ने भी हाथ आजमा लिए। अमृत विचार


### शहर में आज



- गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में सनातन महासभा की ओर से गोमती की महाआरती और फूलों की होली- 6:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

### सिटी ब्रीफ



फूलों से सजे कोतवालेश्वर महादेव।

## कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में होलिका दहन पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक और पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। बच्चों ने होली के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर वृंदावन का दृश्य जीवंत कर दिया। स्थानीय पार्षद, कोतवालेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा, अंकुर दीक्षित, शालू टंडन, आशीष दीक्षित, चंदन रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, राजू ठाकुर, उमेश सोनी, श्रवण सिंह ठाकुर, आकाश गुप्ता व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## रामकृष्ण मठ में हुआ होलिका दहन



मठ में होलिका दहन करते अध्यक्ष।

**अमृत विचार, लखनऊ :** निरालानगर स्थित राम कृष्ण मठ में होलिका दहन को हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने बताया कि होली रंग तथा उमंग का त्यौहार है। यह हमें परस्पर खुशियां मनाने व आपसी प्रेम सद्भाव की शिक्षा देती है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर चैतन्य महाप्रभु की जयंती भी है जो कि प्रेम के अवतार थे। मठ में शाम 7:30 बजे होलिका दहन तथा मिष्ठान का वितरण किया गया।

## अनंत नगर के भूखंडों का पंजीयन होली बाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण होली बाद मोहान रोड स्थित अनंत नगर योजना में भूखंडों का पंजीयन खोलेगा। तीसरे चरण की प्रक्रिया में 112.5 से 450 वर्गमीटर के भूखंडों का पंजीयन किया जाएगा। सेक्टर विकसित करने के साथ भूखंड नियोजन का कार्य तेज कर दिया है। मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही। जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर है। पहले और दूसरे चरण में सेक्टर-6 आदर्श खंड में 666 भूखंडों का लॉटरी से आवंटन किया था। तीसरे चरण में 20 दिसंबर से आकाश खंड सेक्टर-1 में 617 और आदर्श खंड सेक्टर-6 में 20 भूखंड बिक्री किए गए थे।

# रंगोत्सव पर खिला बाजार, 1,275 करोड़ का कारोबार

## 550 करोड़ का रंग-गुलाल, पिचकारी, 200 करोड़ का खोवा,मिठाई, गुझिया और 200 करोड़ के कपड़े, लहंगे व साड़ियां बिकीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रंगोत्सव पर करीब 15 दिन से बाजार में खरीदारों की भीड़ से बाजार गुलजार है। सोमवार देर शाम तक लगभग 1,275 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

यहियागंज युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुश मिश्र, रंग कारोबारी शेखर गुप्ता समेत कई कारोबारियों ने कहा कि रंगोत्सव पर्व पर बाजारों में भीड़ रही। थोक बाजार में तो रंगों की ब्रांडेड बोरियां खत्म हो गई हैं। व्यापारियों के मुताबिक पूरे शहर के गली-मोहल्ले, छोटे-बड़े बाजारों में इन दोनों सिगमेंट में करीब 550 करोड़ की बिक्री का अनुमान है।

सुभाष मार्ग स्थित थोक बाजार एवं किराना कमेटी के सदस्य विनोद अग्रवाल ने बताया कि आम दिनों की तुलना में मेवा बाजार दोगुना रहा। होली पर्व पर लखनऊ में गिफ्ट और पैकिंग में मेवा का करीब 75 करोड़ से अधिक के व्यापार का अनुमान है। वहीं रेडीमेड नमकीन, कचरी, चिप्स, दालमोठ, साख, नमकीन खस्ते, घी-तेल, मैदा, आलू, बरसाती, समेत कई अन्य आइटम की खरीदारी भी खूब रही। एक अनुमान के मुताबिक पचास करोड़ का व्यापार मेहमाननवाजी के इन आइटम का रहा।

शहर के सभी छोटे बड़े मिष्ठान प्रतिष्ठानों में करीब दो सौ करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान है। होली पर्व पर विदेशों तक मिष्ठान और गुझिया के तमाम ब्रांड रवाना किए गए हैं। मिष्ठान भी खूब बिका है। खोआ, दूध, पनीर, गुझिया के अलग-अलग आइटम समेत सभी सिगमेंट में कारोबार उम्मीद से बढ़िया रहा है।

उप्र. कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी बताते हैं कि कपड़ा व्यापार भी रफ्तार पर है। रेडीमेड बाजार में भी भीड़ रही। होली पर्व पर बीते 15 दिन में दो सौ करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। चूंकि सहालग भी साथ थी महिलाओं से जुडे.वस्त्रों की डिमांड रही। यही हाल घर के सजावटी कपड़े की दुकानों का रहा। स्वेदशी मार्केट के महामंत्री प्रभू जालान के मुताबिक राजधानी के विभिन्न शोरूम में सजावटी आइटम भी खूब उठा है। साठ करोड़ के कारोबार का आकलन है। किड्स आइटम के खरीदार भी बाजार में उमड़े।

मेवा हो या मिष्ठान, रंग हो या फिर अन्य गिफ्ट आइटम सभी में सजावटी और डिजाइनर डिब्बों का प्रयोग हुआ है। छोटे बाक्स के रूप में मेवा और रंग की व्यवस्था बडे. शोरूम ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर अलग से कराई। इसकी मांग रही। डिजाइनर डिब्बों और प्रिंटेड हैडबैग और मेवा के लिए शीशियों की मांग भी खूब मांग रही। इसकी बिक्री करीब 25 करोड़ के आसपास रही।





भूतनाथ मार्केट में लगी दुकान पर अभिभावक की गोद में मुखौटा लगाए बच्चा और दूसरी दुकान पर पिचकारियां, रंग व गुलाल खरीदते लोग। अमृत विचार

### कितने का क्या बिका

| सामग्री | कारोबार |
|---|---|
| रंग पिचकारी बाजार | 550 करोड़ रुपये |
| मिष्ठान, गुझिया, खोवा | 200 करोड़ रुपये |
| कपड़े और सड़ियां | 200 करोड़ रुपये |
| ड्राइ फ्रूट मार्केट | 75 करोड़ रुपये |
| गृहसज्जा आइटम | 60 करोड़ रुपये |
| सराफा बाजार | 60 करोड़ रुपये |
| नमकीन आइटम | 55 करोड़ रुपये |
| पापड़-कचरी व अन्य | 50 करोड़ रुपये |
| पैकिंग मैटीरियल | 25 करोड़ रुपये |

## चौक में बिकी 750 ग्राम वजन की चांदी की पिचकारी और बाल्टी

शहर के शोरूम में दो से अधिक चांदी की पिचकारी और बाल्टी बिकी हैं। सर्राफ सिद्धार्थ जैन ने बताया कि 750 ग्राम वजन की चांदी की पिचकारी और बाल्टी बिकी है। अकेले चौक बाजार में ही 50 से अधिक चांदी की पिचकारी-बाल्टी बिक गई हैं। इस बार सोना महंगा होने के कारण सगुन के इस महंगे आइटम की बिक्री सुनने में नहीं आई है। विनोद महेश्वरी बताते हैं कि पूरे शहर में होली के मौके पर सगुन के आइटम का व्यापार बेहतर रहा है।



गणेशगंज आर्य समाज मंदिर चौराहे पर होलिका का पूजन करती महिलाएं। अमृत विचार

## पालतू और निराश्रित पशुओं पर न डालें रंग, कर सकते हैं हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर पालतू या निराश्रित पशुओं को रंग न डालें। एक तो केमिकल युक्त रंग पशुओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, दूसरे रंग, पानी डालने से वह आक्रामक होकर हमला भी कर सकते हैं। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर रमेश ने बताया कि रंग व गुलाल में केमिकल होता है जो उनके चाटने से पेट में चला जाता है। यह जहर का काम करता है और आंतों को नुकसान पहुंचाता है। इससे त्वचा भी खराब हो जाती है। खुजली, फंगस, बाल झड़ना आदि बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। आंखों को ज्यादा खतरा रहता है। केमिकल के आंख में जाने से रोशनी तक चली जाती है। खास बात यह है कि रंग-गुलाल लगाने से पशु आक्रामक हो जाते हैं और लोगों पर हमला भी कर देते हैं। लोगों से अपील है कि यह रंगों का त्योहार हैं, जो आपस में मनाएं और पशुओं को किसी तरह से नुकसान न पहुंचाएं।

## कल सुबह 5 से रात 9 बजे तक लगातार मिलेगा पानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** 4 मार्च बुधवार को रंगो की होली खेली जाएगी, उस दिन जलकल विभाग सुबह 5 से रात 9 बजे तक पानी की आपूर्ति करेगा। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि ऐशबाग, बालागंज और कठौता जलकल से सुबह 5 से 9 बजे तक, दोपहर 12 से 3 बजे और शाम 5 से रात 9 बजे तक निरंतर जलापूर्ति की जाएगी। इसके अलावा सुबह 5 से रात 9 बजे तक नलकूपों से सीधे पानी की आपूर्ति होगी। दोपहर 12 से 2 बजे तक उच्च दबाव के साथ ओवरहेड टैंकों से जलापूर्ति की जाएगी। जनता की सुविधा के लिए जलकल विभाग के जोनल अभियंता फोन पर 24 घंटे ऑन रहेंगे। पेयजल और सीवर से संबंधित किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम नंबरों पर भी शिकायत की जा सकेगी। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या रहती है वहां पानी के टैंकर लगाए जाएंगे।

### जलकल एक्सईएन

| जोन | मोबाइल नंबर |
|---|---|
| जोन-1 | 8177054071 |
| जोन-2 | 8177054020 |
| जोन-3 | 8177054064 |
| जोन-4 | 8177054007 |
| जोन-5 | 8173002451 |
| जोन-6 | 8177054060 |
| जोन-7 | 8177054080 |
| जोन-8 | 8177054007 |
| विकास नगर | 8177054217 |

### जलकल कंट्रोल रूम

8177054100 8177054003 और 8177054010 नंबर पर फोन करें

### सीवर की समस्या होने पर

सुएज इंडिया का कंट्रोल रूम नंबर - 18003130522

## कूड़ा न उठे तो नगर निगम के कंट्रोल रूम में करें फोन

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर यदि घरों और गलियों से कूड़ा न उठे तो नगर निगम के कंट्रोल रूम में फोन कर सकते हैं। नगर निगम ने इसके लिए कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए हैं। टोल फ्री नंबर 1533 के साथ 9219902911, 912, 913 और 914 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी घर पहुंच कूड़ा उठाएंगे। इसके अलावा नगर निगम के अधिकारी भी फील्ड में रहेंगे और सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करेंगे।

### कंट्रोल रूम

मोबाइल नंबर

9219902911,
9219902912,
9219902913,
9219902914

टोल फ्री नंबर - 1533

### स्वच्छता अभियान

जोन 1, 3, 4, 6, 7 के लिए टोल फ्री नंबर 18001234999

### लायन एनवायरो

जोन 2, 5, 8 के लिए टोल फ्री नंबर : 18002026172

## गोमती तट पर फूलों की होली आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन महासभा की ओर से पूर्णिमा पर 149वीं आदि गंगा गोमती की महाआरती व सनातन समागम के साथ फूलों की होली का आयोजन मंगलवार को शाम 6:30 बजे झूलेलाल वाटिका में किया जायेगा। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि होली के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 में नशा मुक्ति अभियान चलाने का संकल्प लिया जाएगा। नशा मुक्त होली मनाए जाने के लिए युवाओं को घर घर जाकर प्रेरित करेंगे। इस मौके पर वृंदावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली खेली जाएगी।

**एहतियात** | होली पर कोई अनहोनी होने पर तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल और चिकित्सा संस्थानों में की गई विशेष व्यवस्था

# अस्पतालों में 200 से अधिक बेड आरक्षित, प्रमुख चौराहों पर खड़ी रहेंगी एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली पर सभी सरकारी अस्पताल और चिकित्सा संस्थानों में 200 से ज्यादा बेड आरक्षित किए गए हैं। प्रमुख चौराहों पर एम्बुलेंस खड़ी रहेंगी, साथ ही 108 और 102 एम्बुलेंस भी अलर्ट पर रहेंगी। सूचना मिलने पर तत्काल ये एंबुलेंस मौके पर पहुंचेंगी। चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट तैयार कर लिया गया है, विशेषज्ञ ऑन कॉल सेवा देंगे।

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि में 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। दवाओं का पर्याप्त इंतजाम किया गया है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की सभी प्रकार की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधाएं मुहैया कराई जा रह है।

लोकबंधु स्थित राज नारायण हॉस्पिटल में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ऑक्सीजन से लेकर दवाओं तक का इंतजाम कर लिया गया है। पांच मार्च तक डॉक्टरों की इमरजेंसी ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें त्वचा, हड्डी, जनरल सर्जरी और मेडिसिन के डॉक्टरों की ऑनकाल ड्यूटी लगाई गई है।

बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 30 बेड आरक्षित किए गए हैं। यहां से ग्रामीण व सीतापुर रोड के मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने में आसानी होगी। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मेडिसिन, जनरल सर्जरी, नेत्र व हड्डी रोग विशेषज्ञ की ड्युटी लगाई गई है। ठाकुरगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में भी डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। जरूरी दवाओं का स्टॉक भी जुटा लिया गया है। सिविल अस्पताल में 30 बेड आरक्षित किए हैं। दवा का स्टॉक जुटा लिया गया है। डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) महानगर में भी 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष शुक्ला ने बताया कि इमरजेंसी का संचालन 24 घंटे होगा।

**• चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट तैयार ऑन कॉल रहेंगे विशेषज्ञ**




| अस्पताल/चिकित्सा संस्थान | हेल्पलाइन |
|---|---|
| लोकबंधु | 0522-2421146 |
| सिविल | 0522-4027511 |
| बलरामपुर | 9118455570 |
| ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल | 9415001754 |
| केजीएमयू (ट्रॉमा सेंटर) | 9453004209 |
| लोहिया संस्थान | 0522-6692000 |
| राम सागर मिश्र | 8881113270 |
| बीआरडी | 9305012069 |

## केजीएमयू और लोहिया संस्थान भी अलर्ट

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. प्रेम राज सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी ट्रॉमा की इमरजेंसी में 30 बेड आरक्षित किए गए हैं। नेत्र रोग, चर्म रोग, हड्डी रोग, एनेस्थीसिया व सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम बनाई गई है। अतिरिक्त नर्स व टेक्नीशियन भी तैनात किए गए हैं। हादसा होने पर घायलों को तत्काल इलाज मिल सके, इसकी पूरी व्यवस्था की गई है। इमरजेंसी में शुरुआती 24 घंटे मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। वहीं, लोहिया संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. भुवन चंद्र तिवारी के मुताबिक, घायलों को समय से इलाज मुहैया कराने के लिए सभी विशेषज्ञों की टीम अलर्ट रहेगी। 20 बेड भी आरक्षित किए गए हैं।

## कल अस्पतालों में अवकाश, आज हाफ डे ओपीडी

लखनऊ के सरकारी अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों में बुधवार को अवकाश रहेगा। इससे ओपीडी का संचालन और जांचें नहीं होंगी। इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत संचालित की जाएंगी। मंगलवार को ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में हाफ डे ओपीडी चलेगी, लेकिन किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में ओपीडी सामान्य दिनों की तरह संचालित होगी। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मंगलवार को सभी विभागों की ओपीडी, ऑपरेशन, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच सामान्य रूप से होंगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार के अनुसार मेडिकल कक्षाएं बंद रहेंगी, लेकिन इलाज से जुड़ी गतिविधियां जारी रहेंगी। बुधवार को अवकाश रहेगा। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान एसजीपीजीआई में मंगलवार को केवल पुराने मरीजों को ओपीडी में देखा जाएगा। नए पंजीकरण नहीं होंगे। जिन मरीजों को पहले से ऑपरेशन या जांच की तारीख दी गई है, उनके ऑपरेशन और जांच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि इमरजेंसी सेवाएं सभी दिन निर्बाध रूप से संचालित होंगी और इनमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। बलरामपुर अस्पताल, सिविल अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल, राम सागर मिश्र अस्पताल, डफरिन अस्पताल, झलकारी बाई अस्पताल और बीआरडी महानगर समेत अन्य सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को हाफ डे ओपीडी रहेगी, जबकि बुधवार को अवकाश रहेगा। इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहेंगी।

## सिटी ब्रीफ

### समाजसेवी के बेटे व भतीजे पर हमला

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला के पुराना हैदरगंज में पुराने विवाद में दबंगों ने समाजसेवी के बेटे और भतीजे पर रॉड से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने बाजारखाला थाने में रविवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बाजारखाला पुराना हैदरगंज निवासी जावेद कुरैशी समाजेसवी हैं। रविवार शाम करीब पांच उनका बेटा नावेद और भतीजा फरहान कार्यालय में बैठे हुए थे। इसी दौरान अमान, एलसानुल्ला, इशरत, अरशद, सलमान, शाहरूख और सुहैल कार्यालय में जबरन घुस आए। आरोपितों ने पीड़ित के बेटे और भतीजे को पीटा, उन पर लोहे की रॉड से हमला किया। स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपित भाग निकले। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ रविवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल कराया गया है। दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद है।

### सात लाख की शराब पकड़ी, तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग पुलिस ने रविवार देर रात डायमंड होटल में छापामार कर सात लाख रुपये का शराब बरामद किया। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्र के मुताबिक गिरफ्तार किये गये आरोपियों में बिहार चंपारण निवासी सुनील, राहुल कुमार पासी, बिहार मुजफ्फरपुर निवासी राहुल कुमार पासी शामिल है। आरोपियों को इलाके में स्थित डायमंड होटल से गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से हरियाणा निर्मित 200 बोतल शराब बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि बिहार राज्य में शराब बंदी और आगामी त्यौहार पर ऊंचे दाम में शराब बेचते हैं। पुलिस आरोपितों से गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

### मोबाइल चोरी, खाते से 3.23 लाख निकाले

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर शहीद विहार निवासी अजय बहादुर सिंह का मोबाइल चोरी हो गया। बिजनौर के अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास शहीद विहार निवासी अजय बहादुर सिंह ने के मुताबिक 13 फरवरी 2026 को वह अपने पेतृक घर मैनपुरी जिले के करपिया गांव जाने के लिए अवध चौराहे से बस पकड़ने जा रहे थे, तभी भीड़ के दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। उसने अपने बेटे को इसकी सूचना देकर सिम ब्लॉक करा दिया। आलमबाग थाने में जानकारी दी। 17 फरवरी को वह गांव से वापस लौटे। इस दौरान 13 फरवरी से 21 फरवरी तक कई बार ट्रांजैक्शन के जरिए उनके खाते से 3 .23 लाख रुपये निकाल लिए गये। पीड़ित को जानकारी सीएसडी कैंटीन से सामान खरीदने जाने के समय हुआ। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने के साथ बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलदाल पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

### युवती से छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई के वृंदावन इलाके में रविवार रात घर के बाहर टहल रही युवती से छेड़छाड़ हुई। इंस्पेक्टर थाना पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि रविवार रात वह खाने के बाद करीब 10 बजे घर के बाहर टहल रही थी। इस बीच कुत्ता टहलाते हुए एक युवक आया। उसने छींटाकशी की। विरोध पर गाली–गलौज कर अभद्रता की पीटा और कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े तो उसने दुष्कर्म और रिवाल्वर से पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और चला गया। पीड़िता के मुताबिक वह युवक का नाम नहीं जानती है। इतना जानती है कि आरोपी तेलीबाग के गांधीनगर का रहने वाला है। इंस्पेक्टर ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म करने व वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना इलाके में रहने वाली कक्षा आठवीं की छात्रा को चार दिन पहले चालक ने मैसेज कर बुलाया। उसे अपनी कार में बैठा लिया। छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बनाई। वायरल करने की धमकी दी। मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक क्षेत्र मे रहने वाली 14 वर्षिय किशोरी की मां का आरोप है कि उनकी पुत्री एक निजी स्कूल मे कक्षा आठ की छात्रा है। आरोप है कि उसी स्कूल में डेढ़ वर्ष पूर्व गोपालपुरी आलमबाग का रहने वाला मोहित उर्फ केशव थारू वैन चालक था।

# दोस्त से एक वर्ष पूर्व हुआ था उजैन का विवाद

## एक साल से बंद थी बातचीत, पूर्व एमएलसी के भतीजे ने जन्मदिन पार्टी में शामिल होने बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साजिशन की गई हत्या, घटना में बच्चों के साथ बड़े भी शामिल

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर के बेहसा निवासी उजैन की हत्या का आरोप का पूर्व एमएलसी के भतीजे पर लगा है। एक वर्ष पहले पूर्व जन्मदिन की पार्टी में विवाद होने की बात सामने आई है। उसके बाद दोनों में बातचीत बंद हो गई थी। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि ठीक एक वर्ष बाद साजिशन घर से बुलाकर उनैज को हत्या कर दी गई। इसमें बच्चों के साथ बड़े लोग भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हर बिंदु पर जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरोजनीनगर के बेहसा निवासी जमीर खान का बेटा व पूर्व एमएसली अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी का भतीजा दोस्त थे। जमीर के मुताबिक एक वर्ष पूर्व पूर्व एमएलसी के भतीजे का जन्मदिन था। जिसकी पार्टी चल रही थी। उसी दौरान उनैज व पूर्व एमएलसी के भतीजे के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई। सोमवार को पूर्व एमएलसी के भाई का बेटा अपने दो दोस्तों व चालक के साथ उनैज के घर पहुंचा। उसे घर से बाहर बुलाया। उनैज से कहा कि उसका जन्मदिन है। घर पर पार्टी है। उसमें शामिल होना है। उनैज ने मना किया। कहा कि रोजा है। पर, तीनों ने जबरदस्ती की। उसे कार में बैठाकर निकले। पूर्व एमएलसी के भाई संजीव त्रिपाठी के घर पहुंचे। बाहर ही उसके माथे पर सटाकर गोली मार दी। उनैज की मौत हो गई।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### सुरक्षा में तैनात कर दी गई दो थाने की पुलिस

- घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा, एडीसीपी बसंथ कुमार, इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह व सरोजनीनगर के राजदेव प्रजापति टीम के साथ पहुंच गये। लोकबंधू अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव का परीक्षण किया। मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाये। वहीं, उनैज के परिजन व रिश्तेदार लोकबंधू अस्पताल में हंगामा करने लगे तो पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई। आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। मां शमां का आरोप है कि पूर्व एमएलसी के भाई व उसके करीबी बेटे के शव को देखने तक नहीं दिया। जब जबरदस्ती अंदर जाने की कोशिश की तो धक्का–मुक्की की गई। पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक जन्मदिन की पार्टी में चारो शामिल हुए। इसी दौरान गोली चल गई। जिसमें उनैज की मौत हो गई। उनैज के तीनों दोस्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, घर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



# साइबर जालसाजों ने तीन से ठगे लाखों रुपये, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृष्णानगर व गोमतीनगर इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** साइबर जालसाजों ने तीन लोगों से लाखों रुपये ठग लिये। जालसाजों ने ऑन लाइन, क्रेडिट कार्ड और फर्जी कॉल के जरिये करीब 3.78 लाख रुपये खाते से उड़ा लिये। पीड़ितों ने कृष्णानगर व गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृष्णानगर स्थित जेबी सनसाइन अपार्टमेंट निवासी अभिनव श्रीवास्तव के मुताबिक 23 फरवरी को उनके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति 1,72,487 रुपये का लेनदेन किया गया। पीड़ित के मुताबिक उनको एक अनचाहा ओटीपी संदेश मिला। इसके बाद रकम निकालने का मैसेज आ गया। उन्होंने तीन मिनट में कार्ड ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी तरह मानसनगर नारायणपुरी निवासी अमरजीत सिंह के मुताबिक 24 जनवरी 2026 को एक वेबसाइट के माध्यम से ई-रीडर ऑर्डर किया था, जिसकी कीमत 5756 रुपये थी। भुगतान स्नैपमिंट ऐप के जरिए किया गया और डाउन पेमेंट यूपीआई से जमा की गई। आरोप है कि 2 फरवरी को उन्हें ऑर्डर किए गए सामान के स्थान पर नकली और भिन्न उत्पाद भेज दिया गया।

वहीं, गोमतीनगर विवेकखंड निवासी नवीन बैजल के मुताबिक खुद को बैंक अधिकारी बताकर एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल किया। इसके बाद अलग-अलग कई बार में कुल दो लाख रुपये खाते से निकाल लिये। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह रकम पेटीएम के जरिये खाते से निकाले गये थे। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जाली दस्तावेज पर गिफ्ट डीड बना हड़पा भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाजारखाला थाने में पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

**अमृत विचारः** आलमबाग विराट नगर निवासी सारिका मौर्या ने डीसीपी पश्चिमी से शिकायत की। जिस पर आरोप लगाया कि बाजारखाला के हैदरगंज कदीम भवानीगंज में भूखंड विमल कुमार मौर्या से रजिस्ट्री कराई थी। जिसका फर्जी गिफ्ट डीड बनवाकर संतोष सिंह ने अपना होने का दावा किया। पीड़ित की शिकायत पर बाजारखाला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विराटनगर निवासी सारिका मौर्या के मुताबिक उन्होंने 14 अक्टूबर 2024 को भवन संख्या 294/94 ख की रिक्त भूमि, क्षेत्रफल करीब 1173.9 वर्गफीट, हैदरगंज स्थित भूखण्ड को विमल कुमार मौर्या से रजिस्ट्री के जरिये खरीदा। एक अक्टूबर 2025 की सुबह जब वह अपने भूखंड पर सफाई करा रही थी। तभी सामने रहने वाले संतोष सिंह वहां पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को काम बंद करने के लिए कहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पूछताछ करने पर संतोष सिंह ने कहा कि भूखंड उनकी पुत्री का है। उन्होंने उसके नाम रजिस्ट्री कर दी है। रजिस्ट्रार कार्यालय से जानकारी ली तो सामने आया कि संतोष सिंह ने बिना किसी स्वामित्व के फर्जी तरीके से गिफ्ट डीड अपनी बेटी नमिता सिंह के नाम रजिस्टर्ड किया है। इस गिफ्ट डीड में नमिता सिंह, उनके पति उपेन्द्र दीक्षित और सरोजनी बाजपेई ने मिलकर षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार किए और प्रार्थिनी के प्लॉट की चौहद्दी दर्शाकर उसे अपना मकान संख्या दिखा दिया। आरोपियों ने नगर निगम में भी गलत दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण करा लिया। जबकि संतोष सिंह अपने हिस्से की जमीन पहले ही दूसरे को बेच चुके हैं। इस मामले में बाजारखाला थाने में शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव से मिलकर फर्जीवाड़े की जानकारी दी। जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद बाजारखाला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर 90 लाख ठगने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एटीएस अधिकारी बनकर आलमबाग निवासी दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर 90 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह का साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने खुलासा करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपित पकड़े जा चुके हैं। गिरोह का संचालन जयपुर से किया जा रहा था और अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

इंस्पेक्टर बृजेश यादव के अनुसार 26 जनवरी 2026 को वीना बाजपेयी के मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया और पीड़िता पर आतंकवाद व मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाया। इसके बाद परिवार को सिग्नल ऐप डाउनलोड कर संपर्क में रहने को कहा गया। ऐप पर अजय प्रताप श्रीवास्तव नाम से जुड़े व्यक्ति ने खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश और सीजर दस्तावेज वॉट्सऐप पर भेजे। गिरफ्तारी से बचाने और खातों की जांच के नाम पर 29 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच दंपती से आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग खातों में करीब 90 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में 11 लाख रुपये और मांगे गए तथा असमर्थता जताने पर गाली-गलौज व जान-माल की धमकी दी गई। ठगी का एहसास होने पर दंपती ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

इससे पहले 17 फरवरी को गोरखपुर निवासी मयंक श्रीवास्तव, गाजियाबाद निवासी इरशाद और दिल्ली निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया था। उनकी निशानदेही पर रविवार को सीकर (राजस्थान) निवासी मनोज यादव और जितेन्द्र यादव उर्फ जीतू को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि रुपये के लालच में गिरोह से जुड़े और वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर बैंक खातों व लेन-देन का काम करते थे। मुख्य आरोपित का नाम छिपाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की गई थी।

पुलिस के मुताबिक गिरोह सोशल मीडिया, कॉल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से लोगों को निशाना बनाता था। खुद को सरकारी अधिकारी बताकर भरोसा जीतता, फिर आतंकवाद या मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाकर भय पैदा करता था। रकम वसूलने के लिए फर्जी या किराए के बैंक खातों का इस्तेमाल होता और बाद में मोबाइल नंबर बदलकर चैट डिलीट कर दी जाती थी। स्थानीय सहयोगियों को कमीशन दिया जाता था। पुलिस सरगना समेत अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# फर्जी कागज पर बेची जमीन गिरा दिया मकान, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः पीजीआई के मधुवन विहार मवैया निवासी रौनक सिंह के मुताबिक उनकी मां ने औरंगाबाद जागीर में भूखंड खरीदा। उसकी रजिस्ट्री करा ली। उस पर भवन का निर्माण करा लिया। आरोपियों ने बिना शासकीय अनुमति के ही भूखंड बेच दिया था। इसी बीच संबंधित विभाग द्वारा मकान को अवैध निर्माण बताकर गिरा दिया गया। जानकारी होने पर भूखंड बेचने वाले से शिकायत की। तो आरोपियों ने धमकी दी। पीड़िता ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मधुवन विहार मवैया निवासी रौनक सिंह के मुताबिक उनकी मां इंदू सिंह ने औरंबागाद जागीर में 1050 वर्गफीट का आवासीय भूखंड सत्य प्रकाश से खरीदा। जिसकी रजिस्ट्री 30 दिसंबर को हुई। रौनक का आरोप है कि भूखंड उन्हें आशीष त्रिपाठी ने दिखाया था। सत्य प्रकाश व आशीष जमीन की खरीदफरोख्त का काम करते हैं। सत्य प्रकाश ने फर्जी कागज दिखाकर भूखंड बेचा। यह तथ्य छिपाया कि संबंधित जमीन के लिए सरकारी संस्था से एनओसी नहीं ली गई थी। आरोपियों ने रो-हाउस का निर्माण कराना शुरू किया। इसके नाम पर एक कंस्ट्रक्शन एग्रीमेंट किया। निर्माण के लिए धनराशि अपने व हरविंदर सिंह के खाते में मंगाई। 29 दिसंबर को एलडीए ने रो-हाउस को अवैध बताते हुए सारा निर्माण ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि इसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। दो जनवरी को उन्होंने सत्यप्रकाश से जवाब मांगा तो दूसरी जगह जमीन देने का आश्वासन दिया। बाद में जब कार्यालय गये तो वहां साफ इनकार कर दिया। दोनों आरोपियों का मोबाइल बंद है। इंस्पेक्टर बिजनौर सतीश गौतम के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### फर्जी दस्तावेज पर भूखंड की रजिस्ट्री

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कैंट के निलमथा स्थित शाहीनूर डिफेंस कॉलोनी निवासी अरविंद सिंह नेगी से 11 लाख रुपये लेकर फर्जी दस्तावेज पर प्लॉट की रजिस्ट्री करने का मामला सामने आया है। नेगी के अनुसार 6 जुलाई 2024 को उन्होंने बिजनौर के औरंगाबाद खालसा स्थित सपना सिटी कॉलोनी में प्लॉट संख्या–15 संध्या पाल से खरीदा। 5 .70 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर और 5 .30 लाख नकद दिए। 28 दिसंबर को प्लॉट पर अन्य व्यक्ति का कब्जा मिला। शिकायत पर दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू हुई।

# ताला तोड़कर बाइक व सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर स्थित अवधपुरी खंड-2 निवासी अमित मिश्रा के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो कार्रवाई नहीं की गई। एसीपी गोमतीनगर से मिलकर पूरी जानकारी दी। एसीपी के आदेश पर गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

खरगापुर अवधपुरी खंड-2 निवासी अमित मिश्रा के मुताबिक 24 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक वह किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। 25 जनवरी की रात करीब 9 बजे उनकी बहन और जीजा आकाश उपाध्याय घर पर आए थे। उस समय तक सब कुछ ठीक था। करीब 15 मिनट बाद वे मेन गेट पर ताला लगाकर चले गए। 26 जनवरी की सुबह 11 बजे परिजन दोबारा पहुंचे तो मेन गेट की कुंडी कटी हुई थी। अंदर देखा तो घर में खड़ी बाइक, घरेलू कीमती सामान चोरी हो गया। जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को दी गई। उसी दिन गोमतीनगर विस्तार थाने में तहरीर दी। पर, पुलिस ने टालमटोल का रवैया अपनाया। एक माह तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद एसीपी गोमतीनगर से संपर्क कर उनको घटना की जानकारी दी। एसीपी के आदेश पर गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्द की गई है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी कर भागा चालक गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

- अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने चोरी कर भागे चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक 27 फरवरी को सरसंवा साईदाता रौड निवासी निलेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें चालक राजेंद्र शर्मा पर चोरी का आरोप लगाया था। मकान में लगे सीसीटीवी से पता चला कि चालक ने घर मे घुसकर लॉकर एवं अलमारी में रखे जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली गई है और फरार हो गया है। खुलासे के लिए टीम लगाई गई थी।

### वी-वन इंफ्राटेक के निदेशक पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम निवासी अनीता सिंह अनीता सिंह के मुताबिक उन्होंने 21 जनवरी 2022 को मोहनलालगंज के सलेमपुर में वी-वन इंफ्रा टेक प्रा. लि. के प्रोजेक्ट से 2500 वर्गफीट का भूखंड खरीदा। जिसकी रजिस्ट्री कराई। जमीन का तय मूल्य 8.50 लाख रुपये बताया गया, जिसमें से पूरी धनराशि आरटीजीएस व नकद के माध्यम से अदा कर दिया गया है। इसके अलावा रजिस्ट्री शुल्क के नाम पर भी 90 हजार रुपये नकद लिया गया है। आरोप है कि जब निर्माण कराने पहुंची तो 20 मार्च 2022 को पता चला कि भूखंड विनय तिवारी या उनकी कंपनी के नाम थी ही नहीं। आरोप है कि दूसरे की भूमि को गलत तरीके से रजिस्ट्री कर 10.81 लाख रुपये ठग लिये।

### दिल तो बच्चा है जी ...


लक्ष्मण मेला मैदान पर यह बच्चों की जुटान होली मनाने के लिए हुई है। इन बच्चों में शामिल होने के बाद इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह व उनकी टीम के सभी सदस्यों को बचपन याद आ गया। नदी का किनारा, खुला आसमान और अबीर–गुलाल का साथ। खाने पीने की भरपूर आजादी भी। हजरतगंज पुलिस पुलिसिंग की जिम्मेदारी के साथ सामाजिक सरोकार का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। करीब एक घंटे तक बच्चों के साथ होली मनाने के बाद पुलिस टीम मन के झरोखों में यादों की तस्वीरे लेकर अपनी ड्यूटी पर चल दी। ● अमृत विचार

सख्ती | होली के दिन विशेष पुलिस टीम हुड़दंगियों पर रखेगी नजर

# शराब पीकर फर्राटा भरते पकड़े गए तो वाहन किया जाएगा जब्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख चौराहों व तिराहों पर एक दिन पहले से चलेगा विशेष अभियान

**अमृत विचारः** होली के दिन शराब पीकर सड़क पर फर्राटा भरते पकड़े गये वाहन जब्त कर लिया जाएगा। इस बार सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क है। वाहन चालकों व सवारों पर विशेष फोर्स नजर रखेगी। शहर के प्रमुख चौराहों व तिराहों पर सख्ती से चेकिंग का विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने दी।

उन्होंने बताया कि होली के एक दिन पहले से ही शराब दुकानों के आसपास निगरानी की जाएगी। डीसीपी ने अपने ट्रैफिक सिपाहियों और विशेष सुरक्षा बलों को निर्देश दिए हैं कि होली के दिन ट्रैफिक नियमों उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाए। बाइक या कार सवारों को लगातार रोककर चेकिंग की जाए। कहीं भी शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। चेकिंग के दौरान सड़क पर ओवर स्पीड, मोबाइल से बात, उल्टी दिशा से आने वालों पर नजर रखने के लिए विशेष फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा पुलिस कमिश्नर ने सभी थानों को सतर्क रखने के आदेश दिए हैं।

डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि त्योहार को उल्लासपूर्वक मनायें। जरूरी हो तभी वाहन से निकलें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। पिछली बार होली के दिन 400 से अधिक लोगों ने शराब पीकर सड़क हादसे किये थे। इस बार सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। सड़क हादसा होने पर कंट्रोल रूम को मिलाएं फोन होली के दौरान सड़क हादसों की सूचना ट्रैफिक कंट्रोल रूम में भी दे सकते हैं। इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक ने कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 जारी करते हुए कहा कि सड़क पर होली खेलते समय एंबुलेंस, फायर सर्विस, शव वाहन को रास्ता देना होगा। सीसीटीवी से रखेंगे नजर, अनहोनी पर पहुंचेगी पीआरवी टीम इस बार होली के दिनों प्रमुख मार्गो पर वाहन सवारों पर निगरानी रखने के लिए लालबाग स्थिति कंट्रोल रूम पर लगे

सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। ताकि किसी हादसे पर अनहोनी पर मौके पर पीआरपी टीम को रवाना किया जा सके है। साथ ही नशे में खराब पीकर वाहन चलाने वाले को कैमरे में कैदकर कार्रवाई की जाएगी।

### पिछले वर्ष 360 बाइक सवार हुए थे हादसे के शिकार

- पिछले साल होली 14 मार्च को मनाई गई थी। इस दौरान 400 से ज्यादा बाइक सवारों ने लखनऊ के विभिन्न चौराहे और तिराहों पर शराब के नशे में हादसे किए गए थे। इनमें 90 फीसदी बाइक सवार और 10 फीसदी कार सवारों ने सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस हादसों में सात लोगों की मौतें भी हुई थी। सबसे ज्यादा केजीएमयू में 170 से ज्यादा लोग पहुंचे थे।

# जमीन में निवेश पर मुनाफे का लालच दे ठगे 19 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जमीन में निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर जालसाज ने 19 लाख रुपये ठग लिये। पांच वर्ष में दो गुना रकम करने का झांसा दिया था। चारबाग निवासी पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की। जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चारबाग निवासी राकेश कुमार सिंह के मुताबिक सितंबर 2016 में उनके परिचित राहुल पाठक ने खुद को आकार भूमि इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. का सेल्स मैनेजर बताया। कहा कि कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होगा। राहुल ने कंपनी के निदेशक विनय पाठक और रंजना पाठक से मुलाकात कराई। तीनों ने मोहनलालगंज और सुल्तानपुर रोड स्थित जमीन दिखाकर निवेश पर पांच वर्ष में लाभांश सहित दो गुना रकम लौटाने और जमीन देने का आश्वासन दिया। राकेश के मुताबिक 20 नवंबर 2016 से 2 फरवरी 2018 के बीच चेक व ऑनलाइन और नकद मिलाकर 19 लाख रुपये निवेश किया। काफी समय बीतने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई ग ई। न ही कोई लाभ दिया गया । शिकायत करने पर आरोपियों ने 2021 में तीन लाख रुपये के दो चेक दिये। जो भुगतान के लिए लगाते ही बाउंस हो गया।

अमृत विचार





बौद्ध संस्थान सभागार में सोमवार महाकवि भास रचित संस्कृत नाटक दूतवाक्यम का मंचन किया गया। नाटक के एक दृश्य में पूजन करते कलाकार। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### केजीएमयू में नॉन टीचिंग पदों पर भर्ती परीक्षा 3 अप्रैल को

**अमृत विचार, लखनऊ:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में विभिन्न नॉन-टीचिंग पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार भर्ती परीक्षा 3 अप्रैल को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की जानकारी अभ्यर्थियों को अलग से उपलब्ध कराई जाएगी। विश्वविद्यालय की इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कई महत्वपूर्ण पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इनमें टेक्निकल ऑफिसर (मेडिकल परफ्यूजन), टेक्नीशियन (रेडियोथेरेपी, न्यूक्लियर मेडिसिन, डेंटल ग्रेड-2), मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, जूनियर मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट, मेडिकल सोशल ऑफिसर, रिसेप्शनिस्ट तथा असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर जैसे पद शामिल हैं। इन पदों के लिए लगभग 15 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से नजर बनाए रखें। परीक्षा केंद्र, प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश समयानुसार वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

### अभय को एक्सईएन की जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कल्याणपुर बिजली उपकेंद्र के संविदाकर्मी परशुराम की करंट लगने से मौत के मामले में एक्सईएन प्रीतम सिंह, एई अमितेष कुमार, जेई धर्मेंद्र कुमार और टीजी-2 कर्मचारी रामधीरज को निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अभय प्रताप सिंह को 33 केवीए उपकेंद्र का नया एक्सईएन, अंकित कुमार को एसडीओ, जयेन्द्र कुमार को जेई गोमतीनगर की जिम्मेदारी सौंपी है। मालूम हो है कि पिछले दो सप्ताह में छह संविदा कर्मचारी करंट से गंभीर रूप से झुलस चुके हैं। कर्मियों का आरोप है कि बिना दस्ताने, सुरक्षा बेल्ट और अन्य उपकरणों के खंभों पर चढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है। इसी कारण हादसे हो रहे हैं।

### अंगदान करने वाले दो परिवारों को आर्थिक मदद

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) ने ब्रेन डेड घोषित दो मरीजों के अंगदान की सहमति देने वाले परिजन को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता मृत अंगदाताओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के उद्देश्य से दी जाती है। राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई। सोटो के संयुक्त निदेशक एवं एसजीपीजीआई के एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि अंगदान करने वाले परिवारों का सम्मान करना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मृतक अंगदाताओं के परिजनों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। 6 नवंबर 2025 को 56 वर्षीय भगवंती देवी को सेंट्रल कमांड हॉस्पिटल में ब्रेन डेड घोषित किया गया। पुत्र विनोद कुमार यादव ने अंगदान की सहमति दी। सड़क हादसे में घायल 43 वर्षीय संदीप कुमार को पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में ब्रेन स्टेम डेड घोषित किया गया। पत्नी लक्ष्मी देवी ने अंगदान की अनुमति दी। उनके अंगों से भी तीन जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिला संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमान के नेतृत्व में दोनों अंग दाताओं के परिजनों को सहायता राशि भेजी गई।

# खामेनेई की हत्या इस्लामी दुनिया के नेतृत्व पर सीधा हमला : यासूब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयतुल्लाह अली खामेनेई की याद में छोटे इमामबाड़े में आयोजित की गई मजलिस

**अमृत विचार:** आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी दुनिया के शिया मुसलमानों के लिए गहरा आघात बताया है। उन्होंने आयतुल्लाह खामेनेई को शहीद करार देते हुए कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं बल्कि इस्लामी दुनिया के नेतृत्व पर सीधा हमला है। मौलाना यासूब अब्बास सोमवार की शाम को छोटे इमामबाड़े में आयतुल्लाह अली खामेनेई की याद में हुई मजलिस को खिताब कर रहे थे।

मौलाना यासूब अब्बास ने आरोप लगाया कि आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत में संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष शिया नेता की हत्या एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। इसका मकसद पश्चिम एशिया और मध्य-पूर्व में अस्थिरता फैलाना है। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को क्षेत्र में अशांति और हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया। मौलाना ने कहा कि इन नेताओं की नीतियों के कारण पश्चिम एशिया लगातार युद्ध और तनाव की आग में जल रहा है।

मौलाना ने रमज़ान में ईरान पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका और इज़राइल ने एक मुस्लिम देश पर हमला कर न केवल आयतुल्लाह खामेनेई की हत्या की, बल्कि सौ से अधिक निर्दोष स्कूली बच्चियों को भी मार डाला। उन्होंने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

इस घटना के विरोध में मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में ऐतिहासिक छोटा इमामबाड़ा पर अमेरिका, इज़राइल, सऊदी अरब और यूएई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में आयतुल्लाह अली खामेनेई की तस्वीर वाली तख्तियां लेकर विरोध दर्ज कराया और अमेरिका, इज़राइल, सऊदी अरब व यूएई के खिलाफ नारेबाजी की।

मौलाना ने कहा कि जिस प्रकार कर्बला में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत के जरिए यज़ीद इस्लाम को मिटाना चाहता था, लेकिन इमाम हुसैन की कुर्बानी ने इस्लाम को और अधिक मजबूत कर दिया। उसी तरह आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत भी ईरान और शिया समुदाय को कमजोर नहीं करेगी बल्कि और अधिक संगठित व सशक्त बनाएगी। मौलाना यासूब अब्बास ने आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत पर तीन दिन के शोक का आह्वान किया।

तीन दिन पर्यटकों के लिए बंद रहेगा छोटा व बड़ा इमामबाड़ा मौलाना यासूब अब्बास ने यह घोषणा की कि लखनऊ के ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा को अगले तीन दिनों तक पर्यटकों के लिए बंद रखा जाएगा। मौलाना ने कहा कि यह समय शोक और एकजुटता प्रदर्शित करने का है, ताकि दुनिया को यह संदेश दिया जा सके कि शिया समुदाय अपने नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ा है।

# जीवन को सुधारने की कोशिश से जरूरी योग्य बनना: सद्गुरु

## स्मृति उपवन के सत्संग में साधकों से मुखातिब हुए सद्गुरु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आध्यात्मिक गुरु व ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने कहा कि आध्यात्मिक जागृति भारत के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि आप मानव हैं तो आनंदित रहना आवश्यक। जीवन को सुधारने की कोशिश मत कीजिए, स्वयं को जीवन के योग्य बनाइए।

लखनऊ के कांशीराम स्मृति उपवन में आयोजित एक भव्य सत्संग में करीब आठ हजार साधकों को संबोधित करते हुए सद्गुरु ने यह भी कहा कि 100 चीज़ें गलत हो सकती हैं। लेकिन आप उससे क्या बनाते हैं, यह आपका चुनाव है। यदि आप ऐसा कर पाते हैं तभी आपको पुरुषोत्तम कहा जाएगा।

मर्यादा पुरुषोत्तम के आने का इंतज़ार मत कीजिए, स्वयं पुरुषोत्तम बनिए। सत्संग में सद्गुरु द्वारा निर्देशित ध्यान व योग सत्र भी कराया गया। यह सत्संग विशेष रूप से उन साधकों के लिए था, जिन्होंने इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम पूरा किया था और शांभवी महामुद्रा क्रिया में दीक्षित थे। लखनऊ में सद्गुरु के साथ आयोजित पहले सत्संग में शहर की अनेक गणमान्यों ने हिस्सा लिया।



सत्संग में साधकों का अभिवादन स्वीकार करते सद्गुरु। अमृत विचार

# स्कूली बच्चों में हेपेटाइटिस-बी को लेकर जागरूकता की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसजीपीजीआई के अध्ययन में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एक अध्ययन में सामने आया है कि स्कूल के बड़ी संख्या में बच्चों को हेपेटाइटिस-बी के लक्षण, बचाव, फैलने के तरीकों और टीकाकरण के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। यह शोध इंडियन जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन पीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित गोयल के नेतृत्व में किया गया। शोध दल में डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. अफताब हुसैन और डॉ. नंदा छवि शामिल रहे। शोधकर्ताओं ने नवंबर 2023 से दिसंबर 2024 के बीच 12 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 329 विद्यार्थियों को अध्ययन में शामिल किया। विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस-बी से संबंधित प्रश्नावली दी गई, जिसमें बीमारी के कारण, फैलने के तरीके, दुष्परिणाम, बचाव, टीकाकरण और उपचार से जुड़े प्रश्न शामिल थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्कूली बच्चों में हेपेटाइटिस-बी को लेकर जागरूकता बेहद कम है। ऐसे में स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम चलाकर बच्चों को सही जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे इस गंभीर बीमारी से बचाव के उपायों को समझ सकें और समय पर टीकाकरण करा सकें।

### सर्वे में सामने आए प्रमुख तथ्य

- 66 प्रतिशत विद्यार्थियों को बीमारी की सामान्य जानकारी थी।
- 34 प्रतिशत को हेपेटाइटिस-बी की सही जानकारी नहीं थी।
- 5 प्रतिशत छात्रों को लगा कि ये बीमारी युवाओं को भी हो सकती है।
- 94 प्रतिशत बच्चों को बीमारी फैलने के सही कारण की जानकारी नहीं थी।
- 91 प्रतिशत छात्रों ने माना कि यह बीमारी छूने से फैलती है।
- 80 प्रतिशत बच्चों में मच्छर के काटने से बीमारी फैलने को लेकर भ्रम था।
- 41 प्रतिशत विद्यार्थियों को पता था कि हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है।



### जमात में कजा नमाजें भी अदा की जा सकती हैं

**अमृत विचार, लखनऊ :** रमजान पर कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर 12 रमजान को रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ़ अब्बास नक़वी ने दिए। हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई शख्स नियत करे कि आज पांचवां रोजा रखता हूं और बाद में पता चले कि छठा रोजा है तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि उसका रोजा सही होगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कुछ लोग जमा होकर क़ज़ा नमाज जमात के साथ पढ़ें तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि क़ज़ा नमाजें जमात से पढ़ी जा सकती हैं जैसे शब-ए-क़द्र में लोग पढ़ते हैं। एक सवाल आया कि अगर जकात किसी गैर-मुस्लिम को दी जाए तो क्या हुक्म-ए-शरई है? इसके जवाब में बताया गया कि जब गैर-मुस्लिम इस्लाम की तरफ रागिब हो तो जकात उसे दी जा सकती है।

## सिटी डायरी



मेडल और प्रमाण पत्रों के साथ बच्चे, साथ में अतिथि।

### दो स्कूलों में लगाए जांच शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसजीपीजीआई की ओर से विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर दो स्कूलों में श्रवण जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किए गए। दोनों विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के करीब 150 विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पीजीआई के डीन डॉ. शालीन कुमार और डॉ. अमित केसरी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। बच्चों और शिक्षकों को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। संस्थान के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित केसरी ने बच्चों को कम सुनाई देने के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान और उपचार से श्रवण संबंधी समस्याओं से बचा जा सकता है। इस वर्ष विश्व श्रवण दिवस की थीम समुदायों से कक्षाओं तक सभी बच्चों के लिए श्रवण देखभाल रही।



समारोह में ब्रजेश पाठक, नीरज सिंह, महापौर व अन्य।

### जनप्रतिनिधियों-नेताओं ने खेली होली

**अमृत विचार, लखनऊ:** होली पर्व से पूर्व सोमवार शाम नीरज सिंह के नेतृत्व में विभूति खंड, गोमतीनगर स्थित आईएमआरटी बिजनेस स्कूल ग्राउंड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री दयाशंकर सिंह, दानिश आजाद अंसारी, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा तथा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, मनीष रावत, अमरेश कुमार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, अपर्णा यादव, नेटवर गोयल, सीएमओ एन बी सिंह सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, पार्षद और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।



जेटिंग मशीन से सीवर की सफाई करना सिखाते प्रशिक्षक।

### जेटिंग मशीन का प्रयोग सिखाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज के लालबाग क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय के पास सोमवार को सुएज इंडिया कंपनी के कर्मचारियों को सीवर सफाई के दौरान जेटिंग मशीन के इस्तेमाल का तरीका बताया गया। जलकल विभाग की ओर से आयोजित सेफ्टी ट्रेनिंग में कर्मचारियों को सफाई के दौरान बचाव की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सीवर में उतरकर सफाई न की जाए, इससे दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा सफाई से पहले यह देखना जरूरी है कि सीवर में गैस तो नहीं है। यदि है तो कम से कम 15 से 20 मिनट तक सीवर का मेनहोल खुला रखा जाए।



उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के कार्यालय में होली खेलते व्यापारी।

### व्यापारियों ने होली खेली

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को फूलों की होली खेली गई। इसमें संगठन के विभिन्न बाजारों के पदाधिकारी एकत्रित हुए। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, नगर महामंत्री मोहित कपूर, महिला इकाई की नगर अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, ट्रांस गोमती महामंत्री नरेंद्र शर्मा, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, गणेशगंज के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

**सतर्क रहें** मिलावट की आशंका होने पर एफएसडीए के टोल फ्री नंबर 18001805533 पर करें शिकायत

# बाजार में सिंथेटिक पनीर, मिलावटी खोवा भी बिक रहा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- घर में भी की जा सकती है पनीर, खोवा में मिलावट की पहचान

**अमृत विचार :** होली पर खाद्य पदार्थों विशेषकर दूध और दूध से बने उत्पाद पनीर, खोवा में मिलावट की आशंका बढ़ जाती है। मिलावटखोर मुनाफे के लिए बाजार में सिंथेटिक पनीर से लेकर मिलावटी खोवा तक बेचते हैं। मिलावटी पनीर स्किम्ड मिल्क और खाने वाले सोडा के अलावा घटिया पॉम ऑयल, वेजीटेबल ऑयल और बेकिंग पाउडर मिलाकर तैयार किया जाता है। कारोबारी खोवा बनाने के लिए कास्टिक सोडा से लेकर डिटरजेन्ट का भी प्रयोग करते हैं। ऐसे मिलावटी खाद्य पदार्थ सेहत के लिए बहुत हानिकारक है।

खोवा में आलू, सकरकंद, मैदा, आरारोट आदि मिलाकर ग्राहकों की जेब काटने के साथ जनता की सेहत से भी खिलवाड़ करते हैं। मिलावट की आशंका पर एफएसडीए के टोल फ्री नंबर 18001805533 पर शिकायत कर सकते हैं। अधिकारी प्रतिष्ठान की जांच करके खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच करेंगे।

### पनीर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान पनीर और दुग्ध पदार्थ विश्वसनीय दुकान से ही खरीदें। सिंथेटिक पनीर मुंह में रखने पर आसानी से नहीं घुलता है। पकने में भी सिंथेटिक पनीर समय लेता है और यह च्विंगम की तरह दांतों में चिपकता है। नकली पनीर बिलकुल सफेद नहीं होता है, इसका रंग हल्का पीलापन लिए होता है।

### खोवा व चांदी के वर्क वाली मिठाई में मिलावट की ऐसे करें पहचान

- दूध से निर्मित कोई भी उत्पाद जैसे छेना, खोया, रसगुल्ला, पनीर या खोये से बनी मिठाई में स्टार्च की मिलावट की आसानी से पहचान की जा सकती है। खोया की जांच के लिए थोड़ी सी मात्रा लेकर शीशे के बर्तन में थोड़ा पानी मिलाकर गरम कर लें और एक बूंद आयोडीन टिंचर डालने पर यदि रंग नीला हो जाए तो स्टार्च की मिलावट है। चांदी के वर्क वाली मिठाइयों की भी जांच की जा सकती है। चांदी का वर्क उंगली में लेकर धीरे-धीरे मलने से यदि गायब हो जाती है तो चांदी है और यदि गोला बन जाता है तो एल्युमिनियम की मिलावट है।



गोमती नगर स्थित होटल ग्रैंड जेबीआर में सहेली ग्रुप की होली पार्टी में फूलों की होली खेलती महिलाएं।

### नाव पर सवार होकर मनाया फागोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से सोमवार को कुड़िया घाट पर 84वीं लोक चौपाल का आयोजन किया गया। गोमती तट पर आयोजित इस फागोत्सव में पारम्परिक होली गीतों की प्रस्तुति के साथ उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नाव में बैठकर सामूहिक फाग गायन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। चौपाल की शुरुआत अर्चना गुप्ता ने श्रीराम स्तवन से की। इसके बाद होरी खेलें रघुवीरा अवध मा..., मत मारो श्याम पिचकारी..., खेलें मसाने में होरी दिगम्बर..., फागुन ऐसा सलोना सिपाही..., मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री के साथ ही पारम्परिक फाग की प्रस्तुतियां हुईं। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि परंपरा के अनुसार संस्थान से जुड़े सदस्य विभिन्न स्थानों पर आयोजित संगीत बैठकों में शामिल होंगे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. एसके गोपाल, इन्दू सारस्वत, अपर्णा सिंह, प्रो. सीमा सरकार, अमिताभ राय, कविता सिंह, मनोरमा मिश्रा, सीमा अग्रवाल, देवेश्वरी पंवार, रीता पाण्डेय, ज्योति किरन रतन, सत्यप्रकाश साहू, अर्पित, गौरव गुप्ता, भूषण अग्रवाल, पप्पू अवस्थी, अनूप शर्मा, अखिलेश शाश्वत, कृष्णा सिंह, सविता त्रिवेदी, जादूगर सुरेश कुमार, अनमोल मौर्य, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बने विनोद

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही को जूडो एसोसिएशन और यूपी ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन ने अपना उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति अगले चार वर्षों के लिए प्रभावी रहेगी। यह जानकारी यूपी जूडो एसोसिएशन के महासचिव और यूपी ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के सीईओ मुनव्वर अंजार ने दी। एसोसिएशन महासचिव के अनुसार, विनोद कुमार शाही को खेलों के प्रति उनकी रुचि और दृष्टिबाधित बच्चों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहानुभूति को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसोसिएशन को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में जूडो खेल को नई दिशा मिलेगी। उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के बाद विनोद कुमार शाही ने कहा कि वे आने वाले समय में दृष्टिबाधित, पैरा और सामान्य खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उनके अनुभव और नेतृत्व से प्रदेश में जूडो खेल को मजबूती मिलेगी और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

### महानगर में लगा मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ:** जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत महानगर गोल मार्केट के पास मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बादसमाज सेविका आरती मिश्रा ने कहा कि आम नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को कम कीमत पर दवाएं मिल रही हैं, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। डॉ. नफीस अहमद ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों की शुगर और सीबीसी जांच कराई गई तथा आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। फार्मासिस्ट वैष्णवी शुक्ला ने बताया कि शिविर में 60 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। आयोजन के दौरान विनय शुक्ला एवं जन औषधि केंद्रों के नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।


बॉल को ऐसे पकड़ना है...


फिर ग्रिप बनाते हुए टारगेट सेट करना है...


...और ये किया हिट, इकाना स्टेडियम में बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाते क्रिकेटर युवराज सिंह। फोटो- शुभंकर चक्रवर्ती

# युवराज सिंह ने इकाना स्टेडियम में जगाई उम्मीदें

## उभरते खिलाड़ियों को 250 किट वितरित, कंटेनर पैवेलियन का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तीन बार के विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह सोमवार को राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने डीपी वर्ल्ड की 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को अत्याधुनिक शिपिंग कंटेनर पैवेलियन समर्पित किया और 250 क्रिकेट किट वितरित कीं। विशेष रूप से तैयार इस कंटेनर पैवेलियन में सचिन तेंदुलकर की तस्वीर के साथ लखनऊ की पहचान बड़ा इमामबाड़ा की आकर्षक पेंटिंग उकेरी गई है, जो खेल और संस्कृति के संगम को दर्शाती है।

बातचीत की शुरुआत करते हुए युवराज ने कहा, "यूपी में हैं तो हिंदी में बात करेंगे।" उन्होंने उभरते सितारों शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी को एक-दो मैचों के आधार पर आंकना उचित नहीं है। अपने करियर का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कठिन दौर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर से सलाह ली, जिससे खेल को समझने और सुधारने में मदद मिली। उनके अनुसार हर खिलाड़ी को एक मार्गदर्शक की जरूरत होती है।

### जुझारूपन ही यूपी की पहचान

- युवराज ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद यहां से कई खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने जम्मू और कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद वहां के खिलाड़ी रणजी जैसे बड़े टूर्नामेंट जीत रहे हैं। कई बच्चे किट के अभाव में सपना छोड़ देते हैं, ऐसे में एक बच्चे का सपना साकार करना बड़ी उपलब्धि है।

### बच्चों को सिखाए चैंपियन वाले गुर

- कार्यक्रम के दौरान युवराज ने बच्चों की गेंदों पर बल्लेबाजी की, कैच और फील्डिंग का अभ्यास कराया तथा खेल की बारीकियां समझाईं। उन्होंने सलाह दी कि मैदान पर कभी सुस्त न रहें, हर गेंद के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें और सही स्टांस व सटीक लाइन-लेंथ पर ध्यान दें।

### यूपी क्रिकेट का बढ़ता कद

- इस अवसर पर यूपीसीए पदाधिकारी प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के कुलदीप यादव, रिंकू सिंह और ध्रुव जुरैल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर रहे हैं। वहीं प्रशांत वीर का हालिया आईपीएल चयन प्रदेश में विकसित हो रहे मजबूत क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर और उभरती प्रतिभाओं का प्रमाण है।

## एकेटीयू और शकुंतला विवि करेंगे मशीन लर्निंग पर कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय मिलकर मशीन लर्निंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेंगे। जिमसें मशीन लर्निंग संबंधित ड्रोन तकनीक और रोबोट के दस विषयों पर अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 10 मार्च को पुनर्वास विश्वविद्यालय में "नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मशीन लर्निंग एंड प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स यूज़िंग कम्प्यूटेशनल साइंसेज़" का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुति, पोस्टर सत्र और तकनीकी चर्चा के माध्यम से अकादमिक–औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर भी मंथन होगा। विश्वविद्यालय का कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग 2016 से निरंतर एआई, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के क्षेत्र में उन्नत पाठ्यक्रम और शोध गतिविधियां संचालित कर रहा है।

# इकाना स्टेडियम को मिली भारत अफगानिस्तान वनडे की मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 17 जून को होगा रोमांचक मुकाबला, रोहित-विराट पर रहेंगी निगाहें

**अमृत विचार:** विश्वस्तरीय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में इस वर्ष का पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 17 जून को भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। होली के अवसर पर मिली इस खबर से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। यह मुकाबला भारत-अफगानिस्तान वनडे सीरीज का दूसरा मैच होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग-26 के समापन के बाद भारतीय टीम घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान की मेजबानी करेगी। 2027 वनडे विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से भी यह सीरीज अहम मानी जा रही है। मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की निगाहें रहेंगी। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

उदय सिन्हा, सीनियर एमडी, इकाना स्टेडियम ने कहा कि शहरवासियों को फिर उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा और तैयारियां जल्द शुरू होंगी।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि मैच का आवंटन राज्य में क्रिकेट गतिविधियों के विस्तार को दर्शाता है और सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की जाएंगी।



### अफगानिस्तान का रहा है होम ग्राउंड

- लखनऊ का इकाना स्टेडियम अफगानिस्तान टीम का अस्थायी होम ग्राउंड भी रह चुका है, जिससे वे यहां की परिस्थितियों से परिचित हैं। हालांकि भारतीय टीम की मजबूती और घरेलू दर्शकों का समर्थन मेहमान टीम के लिए चुनौती होगा।

### सीरीज का कार्यक्रम

- एकमात्र टेस्ट – 6 से 10 जून, न्यू चंडीगढ़
- पहला वनडे – 14 जून, धर्मशाला
- दूसरा वनडे – 17 जून, लखनऊ (इकाना)
- तीसरा वनडे – 20 जून, चेन्नई

### इकाना में नौवां वनडे

- इकाना स्टेडियम में अब तक नौ वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिनमें वनडे विश्वकप के पांच मैच शामिल हैं। लखनऊ में टीम इंडिया का यह तीसरा वनडे होगा। 6 अक्टूबर 2022 को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच में अफ्रीका ने नौ रन से जीत दर्ज की थी। वहीं 29 अक्टूबर को वनडे विश्वकप में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया था।

# हिंदी साहित्य के तीर्थ थे जयशंकर प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 'महाकवि जयशंकर प्रसाद साहित्य-संस्कृति महोत्सव 2026' में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रसाद की रचनाएं राष्ट्र प्रेम और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. आभा ठाकुर ने प्रसाद और प्रेमचंद के कथा साहित्य में साम्य-वैषम्य पर अपनी बात रखते हुए गांधीवाद के प्रभाव को लक्षित किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद मनुष्यता के हक़ में लिखने के हिमायती हैं। प्रसाद की कहानियां यथार्थ और आसपास के जीवन से करीब का रिश्ता बनाती हैं। प्रसाद के साहित्यिक पात्र न्यायकत्व और मनुष्यता का जयघोष करने वाले पात्र हैं। इसलिए हम इन कहानियों को अनंत काल तक याद करेंगे।

प्रो. सूरजबहादूर थापा ने कहा कि हम इतिहास को वर्तमान की चुनौतियों और समाधानों के लिए पढ़ते हैं। उन्होंने प्रसाद के साहित्य को संवैधानिक दृष्टि से देखे जाने की हिमायत की। उन्होंने बताया कि बौद्धिक, सामाजिक और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर मुक्तिबोध ने प्रसाद की सभ्यता समीक्षा की है। वे कामायनी का पुनर्मूल्यांकन करते हुए आनंदवाद की जगह प्रजातंत्रवाद की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रसाद जी की कविताओं का संसार प्रत्ययवादी है लेकिन कथा साहित्य में आने पर उनके लेखन का तेवर बदल जाता है। इस सत्र में डॉ. कृष्णा आर्या ने शोध पत्र का वाचन किया।

### जूनागढ़ के अभिलेखों से राजा के कर्तव्य बताए

प्रो. शैलेन्द्र नाथ कपूर ने कहा कि 'अजातशत्रु' के माध्यम से प्रसाद बताते हैं कि जब गणतंत्रात्मक शासन होगा तो हमें किन चीज़ों से बचना होगा, रुकावटों से हम कैसे निपट सकते हैं। स्कंदगुप्त से जुड़े भितरी और जूनागढ़ के अभिलेखों का उद्धरण देते हुए उन्होंने राजा के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला और उनकी वीरता को वरेण्य बताया। उन्होंने कहा कि वह व्यक्ति राष्ट्र के लिए अनुपयोगी है जिसमें राष्ट्रप्रेम का अंकुर नहीं है। माता-पिता भौतिक शरीर देते हैं, शिक्षक छात्रों को ज्ञानमय शरीर देता है। ऐतरेय ब्राह्मण का एक मंत्र 'चरैवेति चरैवेति' का सन्दर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि प्रसाद में आगे बढ़ने की प्रेरणा भरी हुई थी।

- प्रसाद ने समता नहीं समरसता को महत्व दिया

# इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में आज निशुल्क देखें चंद्रग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 'ब्लड मून' का टेलिस्कोप से होगा अवलोकन

**अमृत विचार:** वर्ष 2026 की पहली खगोलीय घटना के तहत आज पूर्ण चंद्रग्रहण का नजारा देखने के लिए इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में आम लोगों के लिए निशुल्क व्यवस्था की गई है। मौसम साफ रहने पर लखनऊ समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे सामान्य भाषा में 'ब्लड मून' कहा जाता है।

नक्षत्रशाला परिसर में रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन कराया जाएगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उदित होते समय ग्रहण जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त 18:08 बजे होगा, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा, लेकिन आंशिक चरण जारी रहेगा। लखनऊ से चंद्रग्रहण लगभग 39 मिनट तक दिखाई देने की संभावना है। कार्यक्रम शाम 7 बजे तक चलेगा।

चंद्रग्रहण तब होता है जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आकर अपनी छाया चंद्रमा पर डालती है। यह घटना पूर्णिमा की रात ही संभव होती है। पृथ्वी की छाया पड़ने पर चंद्रमा धुंधला पड़ने लगता है और पूर्ण अवस्था में लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते नन्हे मुन्ने।

### मंच पर चमके प्री-प्राइमरी के सितारे

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में प्री-प्राइमरी वर्ग का क्लास प्रेजेंटेशन एवं यूकेजी का ग्रेजुएशन सेरेमनी उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, उत्साह और स्वाभाविक अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने स्पष्ट संवाद, सुंदर भाव-भंगिमाओं और आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। सृजनात्मक प्रॉप्स ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत और अभ्यास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। यूकेजी के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर अपने शैक्षिक जीवन के प्रथम चरण की सफल पूर्णता का उत्सव मनाया। यह अवसर उनके लिए गर्व और नए आरंभ का प्रतीक रहा। निदेशक सरिता जायसवाल एवं प्रधानाचार्या अनुपम सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


गणित प्रतियोगिता में परचम लहराने वाले सीएमएस के विद्यार्थी।

### छात्रों ने अर्जित किए 100 प्रतिशत अंक

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के चार मेधावी छात्रों रमजा नकवी (कक्षा 8), नशरा परवीन (कक्षा 8), अब्दुल वाजिद (कक्षा 8) व एहान समद (कक्षा 6) ने प्रतिष्ठित रामानुजन नेशनल मैथ्स चैलेन्ज प्रतियोगिता के प्रथम राउण्ड में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। यह प्रतियोगिता रामानुजम एजूकेशनल सोसाइटी, आन्ध्र प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुई। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के जूनियर व सीनियर वर्गों के अन्तर्गत देश भर के लगभग 300 सेन्टरों पर 60 हजार से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने गणित ज्ञान व मेधात्व का परचम लहराया है।


टेनिस कोर्ट में होली खेलते खिलाड़ी।

### टेनिस कोर्ट बना रंगोत्सव का केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्ले एन फ़िट टेनिस अकेडमी में होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। टेनिस कोर्ट पर रंगों की बौछार के बीच खिलाड़ियों ने खेल और मस्ती का शानदार संगम प्रस्तुत किया। पूरा परिसर गुलाल और खुशियों के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में तीन साल के नन्हे बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारत के पूर्व नंबर- 1(अंडर- 14) टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ जमकर होली खेली और उनका उत्साहवर्धन किया। उनकी मौजूदगी से युवा खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।


प्राथमिक विद्यालय बड़ा गांव काकोरी में शकुंतला विश्वविद्यालय के छात्र।

### नुक्कड़ नाटक से दिव्यांग अधिकारों का दिया संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के बौद्धिक अक्षमता विभाग के डीएड (आईडीडी) चतुर्थ सेमेस्टर विद्यार्थियों ने काकोरी के बड़ागांव में समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया। अभिभावक जागरूकता शिविर, नुक्कड़ नाटक व पोस्टरों के माध्यम से दिव्यांगजनों के अधिकार और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी गई। विभा तिवारी के निर्देशन में रैली निकाली गई।

**ईरान संकट**

## डेढ़ सौ अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक हो सकती हैं कच्चे तेल की कीमतें

# जलडमरुमध्य बाधित होने से आयात-निर्यात होगा प्रभावित

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

- निर्यात की भारी गिरावट और लॉजिस्टिक्स व बीमा लागत में होगी वृद्धि
- जलडमरुमध्य से यूरोप से भारत करता है वस्तुओं का आयात-निर्यात

**अमृत विचार:** अमरीका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर व शिया मुसलमानों के सर्वोच्च धर्मगुरु आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की मौत के बाद उपजे युद्ध के हालात से भारतीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। दुनिया के करीब 30 प्रतिशत आयात-निर्यात वाले जलडमरुमध्य को ईरान ने बाधित कर दिया है। भारत भी यूरोपीय देशों से वस्तुओं का लेन-देन इसी मार्ग से करता है। पश्चिम एशिया और दक्षिण पश्चिम एशिया के ज्यादातर देश दुनिया के तेल ब्लाक माने जाते हैं। इसमें ईरान और इजरायल भी शामिल हैं। युद्ध की स्थिति में भारत में पेट्रोलियम का आयात प्रभावित होगा। इस कारण अन्य जरूरी वस्तुओं के भाव भी बढेग़े। एशिया के कुछ हिस्सों में जाने वाले विमानों की सेवा भी स्थगित कर दी गई है। इससे भारतीय विमानन सेक्टर, पर्यटन और चिकित्सा समेत अर्थव्यवस्था के कई घटक प्रभावित होंगे।

ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य का बंद होने से देश के 50 प्रतिशत कच्चे तेल और 55 प्रतिशत गैस की आपूर्ति प्रभावित होगी। कच्चे तेल की कीमतों में मात्र 10 डॉलर की बढ़ोत्तरी भी भारत पर लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगी। जिससे आयात बिल बढ़ने के कारण व्यापार घाटा गहराएगा और डॉलर के मुकाबले रुपया और अधिक कमजोर होगा। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा, क्योंकि परिवहन महंगा होने से रोजमर्रा की वस्तुओं और खाद्य पदार्थों के दाम बढ़कर घरेलू महंगाई को बढ़ा देंगे।




भाषा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. राहुल मिश्रा के अनुसार अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग की आंच खाड़ी के अन्य देशों तक पहुंच चुकी है। जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार व अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। युद्ध के परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हो सकती है। कच्चे तेल की कीमतें डेढ़ सौ अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक भी जा सकती हैं। युद्ध में अतिआधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से सम्मिलित देशों के अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक हानि का सामना भी करना पड़ेगा। जिससे आगामी समय में इसकी भरपाई के हेतु कई प्रकार के कर व्यापार में कीमत वृद्धि के रूप में देखे जा सकते हैं।

**निर्यात में गिरावट, लॉजिस्टिक्स व बीमा लागत में होगी वृद्धि:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. अनामिका चौधरी और श्रीजयनारायण मिश्रा पीजी कॉलेज की अर्थशास्त्री डॉ. भारती पाण्डेय ने कहा कि भारत में निर्यात की भारी गिरावट और लॉजिस्टिक्स व बीमा लागत में वृद्धि के रूप में असर दिखेगा। विशेष रूप से चावल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आभूषण जैसे महत्वपूर्ण निर्यात क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। मानवीय और वित्तीय स्तर पर देखें तो खाड़ी देशों में कार्यरत 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और नौकरियों पर खतरा मंडराने से भारत को मिलने वाले विदेशी मुद्रा प्रेषण (रेमिटेंसेंस) में भी बड़ी कमी आएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि तेल के दाम बढेंगे। इसके अलावा हमारा निर्यात, पर्यटन, विमानन भी प्रभावित होगा। बहुत सारे लोग भारत में इलाज आदि के लिए आते हैं, जो बाधित होगा। दीर्घकालिक क्या असर होगा वह इस बात पर निर्भर करता है कि इसमें कितने देश प्रभावित होते हैं और लड़ाई कितनी लंबी चलती है। यह समस्या तो आनी ही है, लेकिन कितनी बड़ी समस्या होगी यह अभी नहीं कहा जा सकता।,